Title: Need to open branches of Allahabad Bank and other commercial banks in Deoria district, Uttar Pradesh.

**श्री हरिकेवल प्रसाद (सलेमपुर) :** उपाध्यक्ष महोदय, उत्तर प्रदेश में देवरिया जनपद के व्यवसायिक तथा शैक्षिक दृटि से अत्यंत ही महत्वपूर्ण कुछ स्थानों पर अभी तक किसी भी व्यवसायिक बैंक की शाखा नहीं खुल सकी है। पर्याप्त जनसंख्या वाले ये स्थान हैं भलुजनी विकास खंड में शिवधरिया, लार विकास खंड का मेहरौना, सलेमपुर विकासखंड का इटहुआ, चन्दौली तथा बनकटा विकास खंड का रामपुर बुजुर्ग और वनकटा बाजार। इनमें कई स्थानों के समीप चीनी मिल भी हैं। बैंक के अभाव में श्रमिकों, शिक्षकों, व्यवसायिकों तथा आम जनता को अनेक कठिनाई और असुविधा का सामना करना पड़ता है। मैंने इलाहाबाद बैंक के अधिकारियों से पत्र व्यवहार किया, जिस पर विभाग द्वारा स्थालीय निरीक्षण तो किया गया, परन्तु अभी तक कोई साकारात्मक कार्रवाई नहीं हुयी। इस संबंध में मैंने माननीय वित्त मंत्री को भी पत्र लिखा है। मैं सरकार से मांग करता हूं कि वह जनहित में उक्त स्थानों पर इलाहाबाद बैंक की शाखायें खुलवाने हेतु तत्काल आवश्यक कदम उठाये।